हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

11 25 लाख से होगा गलियों का निर्माण



12 दूसरे दिन भी कोहरे की चादर में लिपटा रहा शहर



### जिप की बैठक में विकास कार्यों के लिए 28 करोड़ रुपये मंजूर, एडीसी ने की अध्यक्षता

# जिला परिषद की बैठक में हंगामा, कई अधिकारियों के न पहुंचने पर बिफरे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत के जिला परिषद भवन में शुक्रवार को आयोजित जिला परिषद की बैठक उम्मीद के मुताबिक जनहित के मुद्दों पर केंद्रित रही, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने कार्यवाही की दिशा बदल दी। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में विकास कार्यों को लेकर चर्चा तो हुई, परंतु कई महत्वपूर्ण विभागों के उच्चाधिकारियों के न पहुंचने से पार्षदों का आक्रोश फूट पड़ा। सदन के भीतर और बाहर पार्षदों ने एकजुट होकर सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की। बैठक की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व ही जिला परिषद के सदस्यों ने मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। पार्षदों का आरोप था कि प्रशासनिक उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की लंबित समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। बैठक में कुल 24 में से 18 जिला पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें संजय बड़वासनिया, रवि इंदौर, जय सिंह ठेकेदार, रविंद्र, राजेश निगम वाला, संत कुमार, देवेंद्र आदिवासी और पार्षद प्रतिनिधि यशपाल बजाना प्रमुख रूप से शामिल रहे। पार्षदों ने साफ तौर पर कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी बैठकों में मौजूद नहीं रहेंगे, तब तक विकास से जुड़ी योजनाओं की फाइलों पर धूल जमती रहेगी। यद्यपि बैठक में डीडीपीओ मनीष मलिक, बीडीपीओ अंकुर, एक्सईएन पंचायती राज कुलबीर फोगाट और विभिन्न ब्लाकों के एसडीओ व जेई उपस्थित थे।

**पार्षद बोले अफसरों की उदासीनता के कारण विकास कार्य ठप**



सोनीपत। जिला परिषद की बैठक से पहले विरोध प्रदर्शन करते पार्षद।

### एडीसी बोले- गैरहाजिर कर्मचारियों से जवाब मांगा जाएगा

लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की कमी खली। पार्षदों ने अंत में सामूहिक रूप से कहा कि अगली बैठक से पूर्व यदि इन समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन तेज करेंगे। एडीसी ने सभी शिकायतों को दर्ज करते हुए संबंधित विभागों को लिखित स्पष्टीकरण और समाधान के आदेश जारी किए।

### आंगनवाड़ियों की मरम्मत पर विशेष फोकस

जिला परिषद की बैठक में करीब 28 करोड़ की लागत से पूरे होने वाले विकास कार्यों को मंजूरी मिली। विकास कार्यों को लेकर बैठक में लम्बा मंथन किया गया। बजट को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए आंबटित किया गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित की जा रही आंगनवाड़ियों की रिपेयरिंग पर विशेष फोकस रहा। पार्षदों से संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ियों की डिटेल मांगी गई, ताकि जल्द से जल्द उनकी रिपेयरिंग करवाई जा सके।

### बैठक में 100-100 गज के प्लाटों का मुद्दा भी छाया रहा

सदन की कार्यवाही के दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा 100-100 गज के प्लाटों पर बुनियादी सुविधाओं का रहा। पार्षदों ने प्रशासन को घेरते हुए कहा कि इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत जिन गरीबों को प्लाट आवंटित किए गए थे, उन्हें शहरों की तर्ज पर विकसित करने का वादा महज कागजी साबित हो रहा है। आवंटित प्लाटों पर आज भी बिजली के खंभे नहीं लगे हैं, पीने के पानी की पाइपलाइन नहीं बिछी है और गलियां कच्ची पड़ी हैं। पार्षदों का तर्क था कि बिना मूलभूत सुविधाओं के केवल भूमि का टुकड़ा आवंटित कर देना विकास नहीं है।

### ग्रांट के आवंटन पर भेदभाव के आरोप

सदन में ग्रांट के आवंटन को लेकर भी पार्षदों ने भेदभाव के आरोप लगाए। सदस्यों ने कहा कि बजट के अभाव में वे अपने क्षेत्र की जनता को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। इस पर एडीसी ने सदन को भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों के लिए मिलने वाली ग्रांट का वितरण सभी पार्षदों के बीच समान रूप से किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास योजनाओं की समय सीमा तय की जाए और किसी भी स्तर पर फाइल को अनावश्यक रूप से न रोका जाए।

### पंचायती भूमि के मुद्दे पर पार्षदों ने लगाए आरोप

बैठक में पंचायती भूमि के दुरुपयोग का मुद्दा भी पूरी तीव्रता के साथ गूंजा। सदस्यों ने टीडीआई और अन्य निजी बिल्डरों व कंपनियों पर आरोप लगाया कि वे गांवों की शामलात और साझा भूमि का अवैध रूप से इस्तेमाल कर रहे हैं। पार्षदों ने साक्ष्यों के साथ दावा किया कि पंचायती जमीन पर निजी स्वार्थों के लिए कब्जा किया जा रहा है और संबंधित विभाग इस पर मौन साधे हुए है। इस मामले में एडीसीने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और कहा कि किसी भी निजी संस्थान को सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मनरेगा का नाम बदलने पर बहस

मनरेगा योजना को लेकर भी पार्षदों ने कड़ा रुख अख्तियार किया। सदन में इस बात पर तीखी बहस हुई कि योजना का नाम बदलने मात्र से धरातल पर मजदूरों की स्थिति नहीं सुधरेगी। पार्षदों ने मजदूरी की दर और भुगतान में हो रही देरी पर सवाल खड़े किए। उन्होंने बताया कि पूर्व में 700 रुपये दिहाड़ी का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वास्तविकता में मजदूरों को मात्र 400 रुपये दिए जा रहे हैं।

### आवास योजना की किश्त नहीं मिली

सोनीपत। जिला परिषद की बैठक से पहले जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करते हुए अपने सिर पर अधूरे मकान का प्रतीक रखकर बैठक स्थल पर पहुंचकर सरकार का ध्यान जन समस्याओं की ओर खींचा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सात–आठ महीने पहले पहली किस्त जारी की गई थी, लेकिन दूसरी किस्त अब तक नहीं मिली है। इसके चलते कई गरीब परिवारों के मकान अधूरे पड़े हैं और अनेक बीपीएल परिवार कर्ज लेकर निर्माण कराने को मजबूर हुए हैं।

## मार्केट कमेटी कार्यालय में सीएम फ्लाइंग का छापा, रिकॉर्ड खंगाला



गन्नौर। मार्केट कमेटी कार्यालय में शुक्रवार की सुबह सीएम फ्लाइंग करनाल की टीम ने छापा मारकर जांच की। सुबह करीब 9 बजे छह सदस्यीय टीम कार्यालय पहुंची और एक शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। टीम ने मार्केट कमेटी के विभिन्न रिकॉर्ड खंगाले और सचिव शिव कुमार सहित संबंधित स्टाफ से विस्तृत जानकारी जुटाई। जांच के दौरान वाहनों की एंट्री रजिस्टर, गेट पास तथा अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की गई। टीम ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी निकलवाकर जांच की, ताकि वाहनों की आवाजाही और गेट पास से संबंधित स्थिति स्पष्ट हो सके। इसके बाद मुख्यमंत्री फ्लाइंग की टीम पुगथला खरीद केंद्र पहुंची, जहां खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की गई।

## आगामी आदेश तक खेल विवि के कुलपति अशोक कुमार के कार्यकाल का विस्तार

राई। खेल विश्वविद्यालय हरियाणा राई में प्रदेश सरकार ने कुलपति अशोक कुमार के कार्यकाल का विस्तार किया है। मार्च 2024 में कार्यभार ग्रहण करने वाले कुलपति अशोक कुमार का कार्यकाल दिसंबर में 26 तारीख को खत्म होना था लेकिन सरकार ने आदेश जारी कर उनका कार्यकाल आगामी समय के लिए बढ़ाया है। कुलपति अशोक कुमार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगे के कार्यकाल में विश्विधालय को खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उचाईयों पर लेकर जायेंगे। विश्वविद्यालय को अप्रैल 2024 में यूजीसी तथा एआईयू की मान्यता प्राप्त हुई। इसके पश्चात जुलाई 2024 में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) के समकक्षता मिलने से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख और अधिक सुदृढ़ हुई।



## खबर संक्षेप

### एसीपी गीता ने संभाली बड़ी थाना प्रभारी की कमान

गन्नौर। बड़ी थाना प्रभारी के रूप में एसीपी गीता फौगाट ने कमान संभाल ली है। वह वर्तमान में बड़ी थाना में अतिरिक्त थाना प्रभारी का कार्यभार संभाल रही थी, लेकिन अब थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसीपी गीता फौगाट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगा। वहीं युवाओं को नशे की बजाय खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करेंगी। खेलों बता दें कि एसीपी गीता फौगाट अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहलवान रह चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को गौरव दिलाया था।



### दातौली में युवक पर लोहे की रॉड से हमला, केस

गन्नौर। दातौली गांव में चार-पांच युवकों ने एक युवक पर लोहे की राड व सरिए से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को स्वजन उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में घायल के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में दातौली निवासी शीशपाल ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान उसका भतीजा अजय भागता हुआ दुकान पर आया। उसके पीछे सूरज, चांद, विकास समेत दो अन्य युवक हाथों में तलवार, गंड़ासा व सरिया लेकर दुकान पर पहुंच गए और अजय पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपित जाते समय जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### शादी में युवक पर हमला करने के आरोपी पकड़े

गन्नौर। शादी समारोह के दौरान युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में बड़ी थाना पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रूपक व आकाश उर्फ निक्की गांव खेड़ी तगा के रहने वाले है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। बता दें कि गांव सैय्या खेड़ा निवासी रोहित ने शिकायत दी थी कि 14 दिसंबर की रात जीटी रोड स्थित कनक गार्डन में गाड़ी को लेकर उसकी आकाश उर्फ निक्की, प्रिंस और राहुल उर्फ मोंटी से कहासुनी हो गई। जिसके बाद आरोपितों ने अपने अन्य साथियों के साथ उस पर डंडे व फरसे से सिर, हाथ और पैरों पर वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने के दर्ज करते हुए दो आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

## राष्ट्रपति ने परमवीर चक्र विजेता के पुत्र कर्नल दहिया को किया सम्मानित



खरखौदा। देश के 21 जांबाज सैन्य अधिकारियों ने अपने अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से भारत के सैन्य इतिहास को गौरवशाली बनाया है। इन्हीं वीरों में खरखौदा उपमंडल के गांव सिसाना निवासी परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह दहिया का नाम भी शामिल है। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर वीरता का परिचय दिया था। जिसके लिए भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। अब भारत के सैन्य शौर्य और स्वदेशी गौरव का यह इतिहास राष्ट्रपति भवन में स्थायी रूप से सहेजा गया है। विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति भवन के जिन गलियारों में पहले ब्रिटिश काल के सैन्य अधिकारियों की तस्वीरें लगी थीं, अब वहां देश के 21 परमवीर चक्र विजेताओं की वीर गाथाएं प्रदर्शित की गई हैं। परमवीर दीर्घा में मेजर सोमनाथ शर्मा से लेकर कैप्टन विक्रम बत्रा तक, सभी वीर सपूतों के साहस और बलिदान को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया है। इसमें कर्नल होशियार सिंह दहिया का नाम भी गौरव के साथ अंकित है।

## यातायात पुलिस ने नपा के साथ मिलकर शहर से हटवाया अतिक्रमण



गन्नौर। यातायात पुलिस ने नगरपालिका के साथ मिल कर शुक्रवार को रेलवे रोड पर हुए अतिक्रमण को सख्ती से हटवाया। इस दौरान यातायात पुलिस चौकी इंचार्ज सोहन सिंह ने दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए सामान व सड़क पर गलत तरीके से खड़ी रेहड़ियों को जब्त करवाया। अभियान के दौरान रेलवे रोड पर दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग व अन्य सामान को नपा कर्मी उठा कर नगरपालिका ले आए। वहीं पुलिस चौकी इंचार्ज सोहन सिंह ने रेलवे रोड पर बेतरतीबी से खड़े वाहनों के चालान भी काटे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी इस अभियान को जारी रखेंगे। उन्होंने रेलवे रोड स्थित मुख्य बाजार में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहन चालकों, दुकानदारों और रेहड़ी चालकों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अब से इस पर कड़ी कार्रवाई होगी। सड़क पर किसी भी सूरत में जाम नहीं लगने दिया जाएगा।

### आदित्य हत्याकांड मामले में एक और सीसीटीवी फुटेज आई सामने

# किराए पर ली स्विफ्ट ले जाता दिखा विश्वामित्र, इसमें ही था युवक का शव

**आरोपी का रिमांड खत्म जेल भेजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

सांदल कला गांव में 21 वर्षीय आदित्य की हत्या के मामले में एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह फुटेज 10-11 दिसंबर की रात के बाद का बताया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार गांव की गली से गुजरती दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार यह वही कार है जो विश्वामित्र द्वारा किराये पर ली गई थी। कार आदित्य के नए बन रहे मकान के सामने से गुजरती दिखाई दी। इस कार में आदित्य का शव था जिसे आरोपित विश्वामित्र चला रहा था। कार के शीशों पर पर्दे लगे हुए थे। विश्वामित्र ने 10 दिसंबर की दोपहर में ही आदित्य की हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को कई घंटों तक अपने घर में रखा और देर रात उसी सफेद स्विफ्ट कार में डालकर नहर में फेंक दिया गया।

**देर रात को शव नहर में फेंका**



### पिता को शक 14 लाख रुपये के लालच में की हत्या

मृतक के पिता सोमपाल ने शक जताया है कि उनके बेटे की हत्या 10-20 हजार रुपये के लिए नहीं, बल्कि 14 लाख रुपये के लिए की गई। हाल ही में जमीन बेचकर मिले 25 लाख रुपये में से 14 लाख आदित्य के खाते में डलवाए गए थे। आरोप है कि आरोपित विश्वामित्र को आदित्य के खाते में मौजूद इसकी जानकारी थी, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि आदित्य के खाते से 14 लाख रुपये कुछ दिन पहले निकलवा लिए गए थे।


### परिजन बोले- एक से ज्यादा लोगों की संलिप्तता का शक

सोमपाल ने बताया कि 10 दिसंबर को जब आदित्य घर से गायब हुआ तो आदित्य के पास उसके ममेरे भाई ने फोन किया तो आदित्य की काल के दौरान पीछे से कई आवाजें सुनाई दे रही थीं। जिससे उन्हें इस हत्याकांड में एक से ज्यादा लोगों की संलिप्तता का शक है। हत्या के बाद केवल एक व्यक्ति उनके बेटे को शव को उठा कर गाड़ी में डाल कर कैसे ठिकाने लगा सकता है।एसएयूजी यूनिट ने पूछताछ के दौरान आरोपित से वारदात में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया है। आदित्य के शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपित ने गांव के ही एक व्यक्ति से यह कार किराये पर ली थी।

### पांच दिन का रिमांड पूरा

एसीपी ऋषिपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित विश्वामित्र का 5 दिन का रिमांड पूरा हो चुका है। आरोपित को अदालत में पेश किया गया। जहां आरोपित को अदालत के आदेशानुसार उसे जेल भेज दिया गया है।






# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style



# राधिका
## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इवांस की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इवांस) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना




कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

**मुंबई।** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ⏭ मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन कल

**सोनीपत।** संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में महायोग फाउंडेशन द्वारा रविवार को मैप्सको क्लब, सेक्टर 26 में प्रातः सात बजे से एक विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वामी कदमश्री द्वारा संचालित निःशुल्क मार्गदर्शित ध्यान सत्र होगा। फाउंडेशन ने लोगों से अपील की है कि ध्यान के लाभों का अनुभव करने के लिये कार्यक्रम में पहुंचें।

### हैप्पी चाइल्ड स्कूल का चौथा वार्षिकोत्सव समारोह आज

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल का चौथा वार्षिक उत्सव समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। स्कूल चेयरमैन सुनील नागपाल, प्रधानाचार्य उषा मलिक ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र दहिया होंगे। नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी और मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छौक्कर विशिष्ट अतिथि व वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक विशेष अतिथि शिरकत करेंगे। हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल का चौथा वार्षिक उत्सव समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य मंचन शामिल हैं। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## एचएसवीपी व सरकार को चेतावनी, जनवरी में आंदोलन का ऐलान

# छानबीन के नाम पर किसी भी कर्मचारी की छंटनी न की जाए

**संयुक्त कर्मचारी मंच की आमसभा में लंबित मांगों का समाधान न होने से आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच की सामूहिक आमसभा एचएसवीपी परिसर सेक्टर-15 सोनीपत स्थित यूनियन कार्यालय में दोपहर को संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता महावीर सिंह नागर, राज्य प्रधान हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच ने की, जबकि संचालन समेश कुमार, जिला सचिव हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन सोनीपत ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन आरके नागर ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को एचएसवीपी के प्रशासक हेडक्वार्टर धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में यूनियन की लंबित मांगों पर वार्ता हुई थी। इससे पूर्व 30 अक्टूबर 2025 की वार्ता में रखी गई मांगों को भी दोबारा सुना गया, लेकिन किसी भी मांग पर न तो कोई ठोस निर्णय लिया गया और न ही वार्ता की प्रोसिडिंग जारी की गई। यूनियन प्रतिनिधिमंडल को सचिव से जानकारी लेने भेजा गया, लेकिन सचिव ने समय नहीं दिया और कार्यालय से बाहर चली गईं। इसे कर्मचारियों ने कर्मचारी विरोधी और तानाशाही रवैया बताते हुए कड़ी निंदा की। सभा में सर्वसम्मति से चेतावनी दी गई यदि अनावश्यक देरी जारी रही तो जनवरी 2026 में हरियाणा सरकार, एचआरडी विभाग और एचएसवीपी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन व घेराव कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। सभा में मांग की गई कि 30 अक्टूबर और 10 दिसंबर की वार्ता की प्रोसिडिंग तुरंत जारी हो, कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को 58 वर्ष सेवा सुरक्षा के साथ नियमित ज्वॉइनिंग दी जाए, 31-10-2025 के बाद की अप्रूवल शीघ्र जारी हो, एचएसवीपी पंचकूला में कार्यरत कर्मचारियों का रोका गया दो माह का वेतन तुरंत दिया जाए तथा छानबीन के नाम पर किसी भी कर्मचारी की छंटनी न की जाए।




**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। *फोटो : हरिभूमि*

### तानाशाही रवैया

यूनियन प्रतिनिधिमंडल को सचिव से जानकारी लेने भेजा गया, लेकिन सचिव ने समय नहीं दिया और कार्यालय से बाहर चली गईं। इसे कर्मचारियों ने कर्मचारी विरोधी और तानाशाही रवैया बताते हुए कड़ी निंदा की। सभा में सर्वसम्मति से चेतावनी दी गई यदि अनावश्यक देरी जारी रही तो जनवरी 2026 में हरियाणा सरकार, एचआरडी विभाग और एचएसवीपी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन व घेराव कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

सभा में महावीर सिंह नागर, समेश कुमार, ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, सुनील चौहान, राकेश योगी, जितेंद्र सिंह, सुरेश रोहिल्ला, बिजेंद्र रिवाल, पुष्पेंद्र शर्मा, अश्विनी शर्मा, सतीश शर्मा, प्रदीप, कुलदीप, धीर सिंह, धीरज, दिलबाग सिंह, ओमप्रकाश, अरुण कुमार, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, शमशेर सिंह, राकेश चांवरिया, विनोद कुमार, योग प्रकाश नागर, राजकुमार सहित अन्य कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता समझाई



**गोहाना।** किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता समझाते हुए बीएओ डा. संजीत मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

- फसल के अच्छे उत्पादन के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड जरूरी : बीएओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के अंतर्गत गांव बनवासा में मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषय एक दिवसीय कृषि शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभाग के खंड कथूरा के खंड कृषि अधिकारी (बीएओ)डा. संजीत मलिक ने अपनी टीम के साथ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता, मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों के सही चयन एवं संतुलित मात्रा के प्रयोग, फसल उत्पादन बढ़ाने तथा लागत कम करने के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बीएओ ने किसानों को बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने से न केवल फसल की उपज बढ़ती है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है।

### गन्ना उगाकार ज्यादा मुनाफा कमाएं किसान

**गोहाना।** शुक्रवार को गोहाना के सहायक गन्ना विकास अधिकारी रघुवेन्द्र जून ने विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में सरकार दवारा वर्ष 2025-26 में गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए दी जा रही प्रोत्साहन राशि बारे किसानों को जागरूक करने व जानकारी देने विषय बारे चर्चा की गई। रघुवेन्द्र जून ने कहा कि गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को चौड़ा खूड में तरीका से बिजाई पर 3 हजार रुपये प्रति एकड़, बीज नर्सरी अपनाने पर 5 हजार रुपये प्रति एकड़, एक आंख विधि से गन्ना बिजाई करने पर 3 हजार रुपये प्रति एकड़, किस्म सीओ-15023 बिजाई करने पर 5 हजार रुपये प्रति एकड़, किस्म सीओ-15023 बेचने वाले किसान को 5 हजार रुपये प्रति 10 एकड़ का बीज वितरण करने पर अनुदान प्रदान करने व गन्ने के साथ अंतर—फसल खेती प्रदर्शित करने के लिए प्लांट लगाने हेतु 32 सौ रुपये प्रति एकड़ (अधिकतम 2 एकड़) की दर से सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है।

# सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद परिवारों को शाल व कंबल वितरित

- श्रीराम सेवा आश्रम द्वारा चलाया गया सेवा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अमावस्या के मौके पर श्रीराम सेवा आश्रम सोनीपत की ओर से सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद परिवारों को शाल एवं कंबल वितरित किए गए। आश्रम के पदाधिकारियों ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों और झुग्गी-झोंपड़ी क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लोगों की पहचान की और बहनों को शाल तथा भाइयों को कंबल प्रदान किए। इस अवसर पर आश्रम के प्रमुख नवरत्न चोपड़ा ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना आश्रम का प्रमुख उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। आश्रम के सदस्यों ने कहा कि सर्दी के दिनों में इस प्रकार की सहायता से कई परिवारों को कठिन परिस्थितियों से राहत मिलती है। कार्यक्रम में रमन कालरा, कृष्ण लूथरा, रमेश कपूर, प्रेम बत्रा, अश्वनी टुटेजा, प्रदीप गुप्ता, पुनीत गुप्ता, जतिंद्र रेलन सहित अनेक साधक भाई-बहन उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सहयोग दिया।



**सोनीपत।** जरूरतमंदों को शाल व कंबल वितरित करते हुए आश्रम प्रमुख एवं अन्य।

### श्रद्धांजलिः काकोरी कांड के बलिदानियों को किया याद

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित सत नगर में शुक्रवार को काकोरी कांड के बलिदानी राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह व अशफाक उल्ला खान के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने तीनों बलिदानियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता मोर्चा के निदेशक डा. सुरेश सेतिया ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां के अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति व मातृभूमि के प्रति समर्पण हर भारतीय के हृदय में देश प्रेम की ज्योति प्रज्वलित करता रहेगा। काकोरी कांड में शामिल क्रांतिकारियों को फांसी दिए जाने की घटना के बाद देश में एक ऐसा वातावरण बना जिससे अंग्रेजी सरकार की जड़े हिल गई थी। विशिष्ट वक्ता आजाद सिंह दांगी ने कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वाधीनता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। काकोरी में सरकारी खजाना लूटकर क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश सरकार को सीधी चुनौती दी थी।



**गोहाना।** काकोरी कांड के बलिदानियों को नमन करते नागरिक। *फोटो :हरिभूमि*

# महिलाओं को स्वरोजगार के लिए स्वयं सहायता समूह बनाने का दिया प्रशिक्षण

- 14 जनवरी के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव शामड़ी में ही आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

ग्रामीण विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को शहीद नंबरदार समिति, शामड़ी द्वारा महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वरोजगार के लिए स्वयं सहायता समूह बनाने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओं को शहीद नंबरदार समिति रोजगार आयाम के प्रमुख डा. ओमप्रकाश ने प्रशिक्षित किया।

कार्यक्रम में जितेंद्र सरदाना निदेशक ग्रामीण विकास प्राधिकरण व फैकल्टी सुशील कुमार ने महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने संबंधी जरूरी जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिनमें से 18 से 50 वर्ष की आयु तक की 35 महिलाओं ने पंजीकरण करवाया। 14 जनवरी के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव शामड़ी में ही आयोजित होगी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की प्रमुख मीना पत्नी रमेश ने बताया कि शामड़ी गांव की महिलाओं को आंवला से बनने वाले खाद्य उत्पाद मुरब्बा, चूर्ण, अचार व चटनी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



**गोहाना।** कार्यक्रम में महिलाओं को जानकारी देते प्रशिक्षक। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** सामान वितरित करते क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। *फोटो :हरिभूमि*

### जरूरतमंद छात्रों को ट्रैक सूट, कॉपियां व जूते वितरित

**सोनीपत ।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा विजय हाई स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क ट्रैक सूट, कॉपियां एवं जूते वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष पुनीत जग्गा ने कहा कि रोटरी क्लब समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है और भविष्य में भी शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे सेवा प्रकल्प जारी रहेंगे। क्लब के सचिव रोटेरियन अंकुश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह वितरण किया गया है, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकें। कार्यक्रम के मीटिंग चेयरमैन राजेश कटारिया रहे। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल एवं राजेश कटारिया की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन द्वारा रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया गया।

# बस-स्टैंड पर सर्दियों की वार्षिक चाय का लंगर शुरू

- सज्जन सेवा संघ और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना द्वारा बस स्टैंड पर चलाया जा रहा है दैनिक रोटी और कपड़ा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सज्जन सेवा संघ और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना द्वारा शहर में रोहतक रोड स्थित नए बस स्टैंड पर शुक्रवार को सर्दियों की चाय का वार्षिक लंगर शुरू किया गया। चाय की यह वार्षिक सेवा काकोरी कांड के बलिदानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धांजलि अप्रित करने के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीत पैथ लैब हरियाणा से विकास मोर और उनकी पत्नी शकुन्तला मोर थे। अध्यक्षता संस्थापक मास्टर राजेश लठवाल चिड़ाना ने की। सज्जन सेवा संघ और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना द्वारा भीख मुक्त गोहाना अभियान के तहत नए बस स्टैंड पर दैनिक रोटी और कपड़ा बैंक चलाया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति भूखे पेट न सोए। बस स्टैंड पर इस सेवा का शुभारंभ 23 मार्च 2019 को शहीद-ए-आजम भगम सिंह के पौत्र एवं शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यख यादवेन्द्र सिंह सन्धू द्वारा द्वारा किया गया था। यहां रोजाना जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन करवाया जाता है। साधन सम्पन्न लोग यहां पुराने कपड़े दान कर जाते हैं जिनको जरूरतमंद लोगों में बांट दिया जाता है। इस मौके पर श्री भगवान व मांगेराम मौजूद रहे।




**गोहाना।** सर्दियों की चाय के वार्षिक लंगर का शुभारंभ करते हुए आयोजक और अतिथि।

## महिलाएं आत्मनिर्भरता के लिए योजनाओं का लाभ उठाएं: खोखर



**गोहाना।** केन्द्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वाधान में शुक्रवार को गांव शामड़ी में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा संघर्ष स्पोर्ट्स क्लब, बुसाना के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम बीडीपीओ मुंडलाना कार्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता शामड़ी बुरान पाना की सरपंच बलकेश खोखर ने महिलाओं को संबोधित करते कहा कि वे घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं। आत्मनिर्भर बनने के लिए वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। कार्यक्रम के लिए संयोजन स्टेट अवार्डी राजकुमार सिंहमार का रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैंसवान खुर्द में दिनांक 30.12.2025 को एससी चौपाल की बोली गांव के पुराने शिव मंदिर में प्रातः 11 बजे होनी निश्चित हुई है। सीओ जिला परिषद द्वारा चौपाल की कीमत 162041 रुपये लगाई गई है।

हस्ता/-सरपंच ग्राम पंचायत
भैंसवान खुर्द गोहाना (सोनीपत)
मो. 98132-81515

**ग्राम पंचायत लाठ**
तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)
मो. 90506-79170

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव लाठ में धानक चौपाल (कंडम) की कीमत पंचायती राज जेई/एसडीओ द्वारा 62810 रुपये निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायत 5.1.2026 को सामान्य चौपाल लाठ में प्रातः 11 बजे धानक चौपाल की बोली करवा रही है। बोली की सिक्योरिटी राशि 10000 हजार रुपये जमा करवानी होगी। बोली की राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच ग्राम पंचायत लाठ
तह. गोहाना (सोनीपत)

## नपा चेयरमैन ने नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

# वार्ड तीन व चार में 25 लाख से बनेगी गलियां: इंदौरा

*शहर में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी: हीरालाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहर के वार्ड संख्या 3 में गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। नगरपालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 25 लाख रुपये की लागत से वार्ड संख्या 3 में 4 गलियों का निर्माण किया जाएगा। शहर में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। दिल्ली रोड़ पर पानी निकासी की समस्या भी जल्द ही हल कर ली जाएगी, जो कि यहां के वासियों की एक बहुत बड़ी मांग थी। पिछले काफी समय से दिल्ली रोड़ निवासी इस समस्या से परेशान हैं। इस मौके पर पार्षद नवीन दहिया ने बताया कि वार्ड के लोग काफी लंबे समय से इन गलियों की खस्ता हालत से परेशान थे। इसीलिए प्राथमिकता के साथ इन गलियों का निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। जल्द ही पूरे वार्ड में सभी खराब गलियों की मरम्मत का कार्य भी शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली रोड़ पर सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइटें लगने के बाद रोड़ पर रात को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। पानी निकासी की व्यवस्था होने के बाद रोड़ के दोनों तरफ की टाइलें भी ठीक की जाएंगी जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को फायदा मिलेगा। इस मौके पर संजू , एडवोकेट अनिल, राहुल रंगा आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** गलियों के निर्माण का शुभारंभ करते चेयरमैन हीरालाल। *फोटो : हरिभूमि*



**सोनीपत।** ग्रामीणों को जागरूक करते अधिवक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### ग्रामीणों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत द्वारा सिविल अस्पताल के सहयोग से जठेरी और कामी गांव में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के दिशा निर्देशों पर चलाया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता दिनेश कुमार और गौरव कुमार अंतिल ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों और सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। सिविल अस्पताल से डॉक्टर शशि ने नशीले पदार्थों के नुकसान और अस्पताल में उपलब्ध उपचार सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने नशा छोड़ने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। अधिवक्ताओं ने नालसा और हालसा की जनहितकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और तीन लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सैंड ऑफ आर्ट शॉ आज

**सोनीपत।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि छोटे वीर साहिबजादों की शहीदी की याद में वीर बाल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सैंड ऑफ आर्ट शॉ के माध्यम से उनकी जीवन गाथा दिखाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 20 दिसंबर को गांव अकबरपुर बारोटा स्थित पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय में होगा। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित शॉ के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह के 4 साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह की शहादत, मुगलों के जुल्म और साहिबजादों की वीरगाथा को युवा पीढ़ी के समक्ष रखा जाएगा।

### हैप्पी चाइल्ड स्कूल का वार्षिक उत्सव 21 को

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 21 दिसंबर को वार्षिक उत्सव एवं ग्रैंडपैरेंट्स डे समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान होंगे। स्कूल प्रबंधक संजय नागपाल ने बताया कि आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ दादा-दादी व नाना-नानी के सम्मान और उनके योगदान को समर्पित रहेगा।

*घनी धुंध से थमा जनजीवन, सड़क और रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित*

# लगातार दूसरे दिन भी कोहरे की चादर में लिपटा रहा सोनीपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वातावरण में नमी बढ़ने के कारण लगातार दूसरे दिन भी जिला घने कोहरे की गिरफ्त में रहा। शुक्रवार तड़के से ही शहरी और ग्रामीण इलाकों में ऐसा घना कोहरा छाया कि दृश्यता सिमटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई। हालात इतने खराब रहे कि सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया। वाहन चालक लाइटें जलाकर बेहद धीमी गति से एक-दूसरे के पीछे चलते नजर आए। सुबह करीब 11 बजे हल्की धूप निकलने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। कोहरे के कारण न केवल सड़क यातायात प्रभावित हुआ, बल्कि रेल परिचालन भी बुरी तरह अस्त-व्यस्त रहा। आम जनजीवन पर इसका सीधा असर देखने को मिला। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में साफ दिखाई देने लगा है। हवाओं की दिशा बदलकर उत्तरी हो जाने से पहाड़ों की बर्फीली हवाएं मैदानी जिलों तक पहुंच रही हैं। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और सुबह-शाम शीतलहर के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड के बढ़ते प्रकोप के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। शुक्रवार को भी जिले की सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्ग-44, केएमपी एक्सप्रेस-वे और अन्य संपर्क मार्गों पर हालात एक जैसे बने रहे। हाईवे पर वाहन लाइट जलाकर रेंगते हुए चलते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अभी शनिवार को भी गहरा कोहरा छाया रह सकता है।

### रात से ही छाने लगा था कोहरा

कोहरे का असर गुरुवार देर शाम से ही गहराने लगा था। रात करीब 10 बजे तक पूरा जिला कोहरे की आगोश में समा गया था। यह स्थिति शुक्रवार सुबह तक बनी रही। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और दूध-सब्जी लेकर निकलने वाले लोगों को खासा संघर्ष करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग रास्ता भटकते नजर आए। सुबह करीब 11 बजे जब हल्की धूप निकली, तब जाकर दृश्यता में कुछ सुधार हुआ। हालांकि सुबह और शाम की शीतलहर ने ठंड का अहसास बरकरार रखा।



सोनीपत। सड़कों पर छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

### कोहरे के कारण देरी से चलने वाली प्रमुख ट्रेनें

| अप लेन | डाउन लेन |
|---|---|
| 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस 4 घंटे 25 मिनट | 12312 नेताजी एक्सप्रेस 4 घंटे 50 मिनट |
| 11057 अमृतसर एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट | 18102 टाटानगर एक्सप्रेस 5 घंटे |
| 2919 मालवा एक्सप्रेस 5 घंटे 12 मिनट | 64462 एचएनके पैसेंजर 1 घंटा 14 मिनट |
| 14217 ऊंचाहार एक्सप्रेस 3 घंटे 15 मिनट | 64452 केडीएम पैसेंजर 2 घंटे 40 मिनट |
| 64531 दिल्ली-पानीपत मेमू 3 घंटे 05 मिनट | 11078 झेलम एक्सप्रेस 2 घंटे 40 मिनट |
| 12497 शान ए पंजाब एक्सप्रेस 3 घंटे 50 मिनट | 12058 जन शताब्दी एक्सप्रेस 1 घंटा 10 मिनट |
| 12011 कालका-शताब्दी एक्सप्रेस 2 घंटे 25 मिनट | 64536 पानीपत-दिल्ली मेमू 2 घंटे 08 मिनट |
| 11841 गीता जयंती एक्सप्रेस 3 घंटे 50 मिनट | 14508 बठिंडा एक्सप्रेस 3 घंटे 15 मिनट |
| 12925 पश्चिम एक्सप्रेस 1 घंटा 15 मिनट | 14680 इंटरसिटी एक्सप्रेस 2 घंटे |
| 64533 दिल्ली-पानीपत मेमू 2 घंटे 08 मिनट | 64454 कुरुक्षेत्र-दिल्ली पैसेंजर 3 घंटे 30 मिनट |
| 14507 बठिंडा एक्सप्रेस 2 घंटे 10 मिनट | |

### गेहूं के लिए लाभकारी, सरसों व सब्जियों के लिए खतरा

*कोहरे का असर कृषि क्षेत्र पर भी साफ दिखाई देने लगा है। जिले में इस समय करीब 1.45 लाख हेक्टेयर भूमि में गेहूं और लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सरसों की बिजाई की गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार घना कोहरा गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। ठंड और नमी के कारण गेहूं की बढ़वार बेहतर होती है। हालांकि सरसों और सब्जियों की फसलों के लिए यह मौसम नुकसानदायक बन सकता है। अधिक नमी के कारण सरसों में फफूंद और कीटजनित रोगों का खतरा बढ़ गया है। वहीं सब्जियों की फसलों में ग्रोथ प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि ऐसे मौसम में फसलों पर किसी भी प्रकार का स्प्रे न करें और खेतों की नियमित निगरानी रखें।*

### दो दिन और बना रह सकता है कोहरा

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में राहत के आसार फिलहाल कम हैं। दो से तीन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते हैं, जिसके चलते आसमान पर बादल छाए रहेंगे। नमी बनी रहने के कारण 21 दिसंबर तक कोहरे का असर बरकरार रहने की संभावना है। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है और ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों को सुबह और देर रात अनावश्यक यात्रा से बचने, वाहन चलाते समय सावधानी बरतने और गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

### पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए रहेंगे

वातावरण में नमी अधिक रहने के कारण जिले में अगले कुछ दिनों तक कोहरे का असर बना रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए रहेंगे और तापमान में और गिरावट आ सकती है। लोगों को ठंड और कोहरे से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

- डा. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर

### रेल यातायात पर सबसे अधिक असर

*कोहरे का सबसे ज्यादा असर रेल यातायात पर देखने को मिला। लंबी दूरी की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से स्टेशन पर पहुंचीं। कई ट्रेनें चार से सात घंटे तक लेट रहीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। स्टेशन पर यात्री ठंड में इंतजार करते रहे। वहीं, कुछ यात्रियों को मजबूरी में अपने सफर की योजना बदलनी पड़ी। लोकल मेमू और पैसेंजर ट्रेनों पर भी कोहरे का असर साफ नजर आया।*

## विज्ञान प्रदर्शनी में प्रताप स्कूल के अर्जुन हुड्डा रहे प्रथम



खरखौदा। विद्यार्थी अर्जुन हुड्डा को आशीर्वाद देते हुए प्राचार्या।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रताप स्कूल, खरखौदा के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अर्जुन हुड्डा ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर (सतत कृषि) विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय परिसर पर प्राचार्या दया दहिया, डॉ दीपिका दहिया, अजमेर व मंजीत ने अर्जुन का स्वागत किया व बधाई दी। इस प्रदर्शनी में अर्जुन हुड्डा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। उन्होंने "किसान मित्र" नामक एक उपयोगी एवं जनहितकारी प्रोजेक्ट तैयार किया, जिसका उद्देश्य किसानों की समस्याओं का सरल और प्रभावी समाधान प्रस्तुत करना था। अपने प्रोजेक्ट के अंतर्गत अर्जुन ने यह दर्शाया कि किसान किस प्रकार अपनी फसलों को पक्षियों से सुरक्षित रख सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक विशेष वाइब्रेशन स्टिक भी विकसित की, जिसकी मदद से किसान खेतों में कार्य करते समय साँप, बिच्छू एवं अन्य खतरनाक जीवों से स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं।

## राई हलके में 4 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि से पांच सड़कों के सुधारीकरण एवं चौड़ीकरण का होगा काम : कृष्णा गहलावत



विधायक कृष्णा गहलावत

- कार्यों के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है, विकास कार्य में तेजी दिखाई देगी

**राई।** राई विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक कृष्णा गहलावत के सतत प्रयासों से राई हलके में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से लगभग 4 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि राई क्षेत्र की पांच प्रमुख सड़कों के सुधारीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए मंजूर दी गई है। इन कार्यों के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे विकास कार्य धरातल पर तेजी से दिखाई देगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि राई हल्के में लगातार बढ़ते यातायात, ग्रामीण संपर्क और औद्योगिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सड़कों का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में ही उनके प्रयासों से ह रा कृ वि बोर्ड के अंतर्गत आने वाली सड़कों के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें से कई सड़कों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कुछ पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। अब स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत मलिकपुर से सनपेड़ा तक 3 किलोमीटर लंबी सड़क के सुधारीकरण पर 153 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार हलालपुर से फिरोजपुर बांगर तक 4.50 किलोमीटर मार्ग के लिए 154 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा दीपालपुर बासौदी रोड से मुकीमपुर बासौदी रोड तक 0.7 किलोमीटर सड़क पर 14 लाख रुपये, राठधना से बन्देपुर तक 2.2 किलोमीटर सड़क पर 47 लाख रुपये तथा खुर्मपुर- मनोली रोड से भैरा बाकी बांध तक 1.73 किलोमीटर सड़क के लिए 96 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इन सड़कों के सुधरने से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों का आपसी संपर्क बेहतर होगा, बल्कि किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

## गणतंत्र दिवस परेड में सोनीपत का प्रतिनिधित्व करेगी निकिता

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज हरियाणा बटालियन एनसीसी 12 की कैडेट निकिता ने वर्ष 2026 के रिपब्लिक डे कैंप में भाग लेकर अपने कॉलेज, बटालियन और पूरे सोनीपत जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि कैडेट निकिता सोनीपत जिले से गणतंत्र दिवस परेड 2026 में चयनित होने वाली एकमात्र कैडेट रहीं। कैडेट निकिता का चयन निदेशालय द्वारा श्रेष्ठ कैडेट के रूप में किया गया। अनुशासन, निरंतर परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया। विभिन्न स्तरों पर आयोजित कठिन चयन प्रक्रिया और गहन प्रशिक्षण के दौरान उनका प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।



एनसीसी कैडेट निकिता

कैडेट निकिता ने सभी शिविरों में उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया। कैडेट निकिता की यह उपलब्धि न केवल जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत और 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी के लिए गर्व का विषय है, बल्कि एनसीसी से जुड़ी अन्य कैडेटों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## डीसीआरयूएसटी में 1 जनवरी से अवकाश व्यवस्था होगी पूरी तरह ऑनलाइन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि 1 जनवरी से विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

कुलगुरु प्रो. सिंह ने बताया कि अब अवकाश से संबंधित सभी प्रक्रियाएं ई-समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएंगी। जैसे ही किसी कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत होगा, इसकी सूचना उसे ई-मेल के माध्यम से तुरंत प्राप्त हो जाएगी। इससे कर्मचारियों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि ई-समर्थ पोर्टल में यह सुविधा भी उपलब्ध होगी कि कर्मचारी अपने खाते में लॉगिन कर यह देख सकेंगे कि उनके पास कितने अवकाश शेष हैं। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. एमएन मिश्र, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुरेश वर्मा, आर्किटेक्चर अधिष्ठाता प्रो. प्रवीण गर्ग, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश शर्मा, एसोसिएट अकादमिक डीन डॉ. सुमित, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. जगवेंद्र सिंह, एओ राजेंद्र सहित आकाश आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### विधायक ने विधानसभा में प्रभावशाली तरीके से उठाया क्षेत्र के मुद्दों को



खरखौदा। विधानसभा में क्षेत्र की मांग उठाते विधायक पवन खरखौदा। फोटो : हरिभूमि

**खरखौदा।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को विधायक पवन खरखौदा ने सदन में प्रभावी तरीके से जनहित के मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की दादी घुघड़ी देवी ने समाज हित में निस्वार्थ भावना से अपनी 5 एकड़ जमीन को दान किया था। जहां अब सरकारी अस्पताल व सामाजिक संस्थाएं काम कर रही है। लंबे समय से समाज हित में अपनी जमीन दान करने वाली दादी घुघड़ी देवी का नाम भुला दिया गया है। पिछले दिनों मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने उनकी याद में 2000 गज जमीन पर स्मारक एवं एक हाल बनाने का शिलान्यास किया था। लेकिन अफसोसजनक है कि कुछ शरारती तत्व उस जमीन के प्रस्ताव को रद्द कराने की कोशिश कर रहे हैं। यदि हम उनके नाम पर जमीन नहीं दिला पाते हैं तो यह एक चिंता का विषय है। इसलिए इस मुद्दे पर स्वयं मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि दादा कुशाल सिंह दहिया ने जिस तरह गुरु तेग बहादुर के शीश की रक्षा करते हुए स्वयं के शीश का बलिदान दिया था।

### रिलायंस स्मार्ट की दीवार तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**सोनीपत।** गांधी चौक स्थित रिलायंस स्मार्ट स्टोर में चोरों ने पीछे की दीवार तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर स्टोर से करीब 10.13 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। मामले में सेक्टर-27 थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नई दिल्ली के दक्षिणपुरी निवासी राजेंद्र सिंह विष्ट ने सेक्टर-27 थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 14 दिसंबर की रात चोरों ने स्टोर की पिछली दीवार तोडकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने 6.29 लाख रुपये कीमत के ड्राई फ्रूट के साथ चॉकलेट, रेड बुल, चाय पत्ती और कॉफी सहित करीब 3.84 लाख रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत 10.13 लाख आंकी गई है। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद वह अपने स्तर पर चोरी गए सामान की तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद पुलिस को शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। जिससे चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार किया जा सके।

### सट्टा खाईवाली करता एक आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना सिविल लाइन सोनीपत की पुलिस टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विकास निवासी कबीरपुर, सोनीपत के रूप में हुई है। थाना सिविल लाइन में तैनात मुख्य सिपाही मंदीप ने बताया कि 18 दिसंबर को वह अपनी पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान खुफिया सूचना प्राप्त हुई कि जीवन नगर क्षेत्र में गंदा नाला के पास विकास सट्टा खाईवाली कर रहा है और ऊंची आवाज में लोगों को रुपये लगाने के लिए उकसा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजना बनाते हुए एक पुलिस कर्मी को सिविल ड्रेस में बोगस ग्राहक बनाकर भेजा। बोगस ग्राहक ने 20 रुपये का नोट देकर 55 नंबर पर सट्टा लगाया और तयशुदा इशारा किया। इशारा मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपित को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास पुत्र वेदपाल निवासी कबीरपुर, सोनीपत बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से बाल पेन, सट्टा पर्ची और पेंट की जेब से कुल 14 हजार 400 रुपये नकद बरामद हुए। बरामद राशि में बोगस ग्राहक द्वारा दिया गया 20 रुपये का हस्ताक्षरित नोट भी शामिल था। इस संबंध में जुआ अधिनियम के तहत थाना सिविल लाइन सोनीपत में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर नियमानुसार जमानत पर रिहा कर दिया।



## अवनी ने एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में जीती चांदी

- स्कूल लौटने पर अवनी को निदेशक हरि प्रकाश गौड़ और प्राचार्या सोनू शर्मा ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसजीएफआई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बाल भारती विद्यापीठ गोहाना की छात्रा अवनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक अपने नाम कर लिया। शुक्रवार को स्कूल लौटने पर अवनी को निदेशक हरि प्रकाश गौड़ और प्राचार्या सोनू शर्मा ने सम्मानित किया। हरियाणा खेल कराटे संघ के सह सचिव व जिला सोनीपत कराटे संघ के महासचिव कराटे कोच अनिल भारद्वाज ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा एसजीएफआई 69वें राष्ट्रीय स्कूली खेल आयोजित किए गए। अवनी ने इन खेलों में अंडर-14 आयु वर्ग की कराटे प्रतियोगिता में 46 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूली खेल मध्य प्रदेश के इंदौर डली कॉलेज में आयोजित हुए। शुक्रवार को स्कूल लौटने पर कोच अनिल भारद्वाज व पदक विजेता खिलाड़ी अवनी को सम्मानित किया गया।



गोहाना। खिलाड़ी अवनी व कोच अनिल भारद्वाज को सम्मानित करते हुए प्राचार्या सोनू शर्मा।

### महिला टेनिस में फाइनल मुकाबले में जैस्मिन रावत का बेहतर प्रदर्शन

**राई।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई के टेनिस कोर्ट पर आयोजित एआईटीए महिला टेनिस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले में जैस्मिन रावत ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। यशिका शौकीन ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को अत्यंत रोमांचक बना दिया। निर्णायक सेट में यशिका शौकीन ने पिछडने के बावजूद जबरदस्त संघर्ष का परिचय देते हुए स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में जैस्मिन रावत ने अपने अनुभव, संयम और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। मैच के समापन अवसर पर हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति अशोक कुमार (सेवानिवृत्त आईपीएस ,पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड) ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

### इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट



**सोनीपत।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में शुक्रवार को इंडीग्रिड कंपनी द्वारा एक संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कुल 07 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में आकाश, दिशा, देव, सुमित, सौरव, सागर एवं दीक्षा शामिल हैं, जबकि पवन को वेटलिस्ट में रखा गया है। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा 03 लाख रुपये प्रति वर्ष (3 एलपीए) का आकर्षक वार्षिक पैकेज प्रदान किया गया है। इस अवसर पर संस्थान के प्रिंसिपल प्रवेश सांगवान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर उप-प्राचार्य सह प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी पंकज मलिक एवं सहायक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी विवेक कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच आरोपित काबू

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने की घटना में संलिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा किया है। यह कार्रवाई थाना कुंडली पुलिस टीम द्वारा गांव अकबरपुर बारोटा क्षेत्र में की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान राकेश उर्फ रिंकू, अमित, मनोज, विकास और अनिल के रूप में हुई है। सभी आरोपित अकबरपुर बारोटा जिला सोनीपत के निवासी बताए गए हैं। थाना कुंडली में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि 18 दिसंबर 2025 को वह अपनी पुलिस टीम के साथ गांव अकबरपुर बारोटा अड्डा पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें खुफिया सूचना मिली कि गांव में कम्युनिटी सेंटर के पीछे सरेआम रुपये लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दबिश दी, जहां पांच लोग जुआ खेलते हुए काबू किए गए। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर राकेश उर्फ रिंकू के पास से 10 हजार रुपये, अमित के पास से 9 हजार रुपये, मनोज के पास से 12 हजार 50 रुपये, विकास के पास से 400 रुपये और अनिल के पास से 620 रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा मौके से ताश के 236 पत्ते, चार खाली प्लास्टिक डिब्बियां और अलग-अलग स्थानों पर रखी नकदी की गिनती करने पर कुल 48 हजार 670 रुपये बरामद हुए। जुआ अधिनियम के तहत थाना कुंडली में मामला दर्ज किया गया। बाद में थाना कुंडली की अनुसंधान टीम में तैनात मुख्य सिपाही तरुण ने अपनी टीम के साथ सभी पांचों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपितों को नियमानुसार जमानत पर रिहा कर दिया गया।




*श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है*

# श्रीमद् भागवत गीता में है सभी ग्रंथों का सार : जैन

**हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान कथावाचक महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए मेयर राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन भवन के परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कथावाचक रोहिताश महाराज द्वारा श्रीमद भागवत का गायन संगीत के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रंथों का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। कथावाचक रोहिताश महाराज ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन समिति द्वारा राजीव जैन का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर टीकाराम मित्तल, राजेंद्र कुच्छल, मुकेश सिंगला, राकेश कुच्छल, राजेंद्र गोयल, ओंकार दास गर्ग, अशोक गर्ग, राजेश, माया, अंकिता, पुरुषोत्तम शर्मा आदि भक्तगण एवं सैंकड़ो भक्तजन उपस्थित रहे।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व कथा 28 से

**गन्नौर।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्री शिव मन्दिर में सनातम धर्म सभा द्वारा करवाया जाएगा। कथा की शुरूआत 28 दिसंबर रविवार को शुरू होगी और 4 जनवरी को समापन होगा। समिति के प्रधान एवं नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने बताया कि 28 दिसंबर को कलश यात्रा एवं जन जागरण अभियान होगा। महिला शिव भक्तों को कलश शिव मन्दिर द्वारा निशुल्क दिए जाएंगे। 29 दिसंबर को शुक परीक्षित चरित्र, 30 दिसंबर को श्रीवामन अवतार, 31 दिसंबर को श्रीराम चरित्र,श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 1 जनवरी को बालकुमार लीला, गोवर्धन पूजा, 2 जनवरी को गोपी कृष्ण रासलीला, कृष्ण मथुरा गमन, 3 जनवरी को द्वारका लीला, सुदामा चरित्र, 4 जनवरी को हवन एवं पूर्णाहुति व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा में आशीर्वाद परम पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा, कथा वाचक साध्वी समाहिता देगी। मुख्य यजमान आभा त्यागी एवं नपा चेयरमैन अरूण त्यागी होंगे। अरूण त्यागी ने बताया कि समारोह के मुख्यातिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, केबिनेट मंत्री अरविन्द शर्मा, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, विधायक निखिल मदान, नगर निगम मेयर राजीव जैन, जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक भारद्वाज, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, निगम पार्षद पुनीत त्यागी होंगे। इसके अलावा एसडीएम प्रवेश कादियान, एसीपी ऋषिकांत, गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार के अलावा सभी नगरपालिका के पार्षदगण शिरकत करेंगे।